## एक नजर में

### दो जनरेटर के अल्टीवेटर चोरी

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 05 जनवरी, सं.** सुठालिया स्थित मधुसूदनगढ़ रोड पर एक मैकेनिक दुकान से विगत दिवस दो जनरेटर के अल्टीवेटर चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है. जानकारी के अनुसार मधुसूदनगढ़ रोड पर संकट मोचन मंदिर के समीप सूरज लोधी रायपुरिया वालों की इंजीनियरिंग की दुकान के बाहर सुधरने के लिए रखे दो जनरेटर से अल्टीवेटर अज्ञात लोग निकालकर ले गये. यह घटना 1 जनवरी की बताई जाती है. यह अल्टीवेटर, इंदर सिंह पारसाना और अशोक लोधी रुघुनाथपुरा के थे. फरियादी द्वारा रविवार को सुठालिया पुलिस थाने में घटना की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है.

### एप पर अटेंडेंस नहीं लगाने पर रुकेगा वेतन

**राजगढ़ 05 जनवरी, सं.** सार्थक ऐप पर जॉब अटेंडेंस नहीं लगाने वालों का वेतन रोकने के निर्देश जिला कलेक्टर द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए है. डीडी एग्रीकल्चर को अपने अधीनस्थ फील्ड अधिकारियों की तत्काल अटेंडेंस सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए. बैठक में सड़क दुर्घटना प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए. प्रशासन का उद्देश्य सभी व्यवस्थाओं में सुधार, समयबद्ध निराकरण और जवाबदेही सुनिश्चित करना है.

### एसआईआर को लेकर भाजपा की बैठक

**तलेन 05 जनवरी, सं.** भाजपा मंडल तलेन अंतर्गत शक्ति केंद्र चोमा पर एसआईआर को



लेकर बैठक दोपहर 12 बजे श्री गोरा जी महाराज मंदिर परिसर में हुई. कार्यकर्ताओ ने मंदिर में श्री गोराजी महाराज को नमन किया. शक्ति केंद्र प्रभारी मानसिंह यादव फौजी सरकार द्वारा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई. मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला न नए नाम जोड़ने, गलत रूप से जुड़े नामों को हटाने, नामों में संशोधन एवं परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया. एसआईआर प्रभारी सत्येंद्र सिंह बना द्वारा भी महती जानकारिया बताई गयी. बैठक में अंतरालिया, बरेडी, पनवाड़ी चोमा गिंदोली, सरसखेड़ी, अब्दापुर बोकड़ी बूथों के स्थानीय बूथ कार्यकर्तागणों सहित शक्ति केंद्र पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बूथ प्रभारी सहित एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे. बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई एवं सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया.

### उर्वरक वितरण की ई–विकास प्रणाली पर पंजीयन

**राजगढ़ 05 जनवरी, का.** राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र बेरखेड़ी कला भोपाल मे उर्वरक वितरण की ई–विकास प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया. जिसमें उर्वरक वितरण की ई–विकास पर पर किसानों का पंजीयन अनिवार्य किया है. भोपाल संभाग के सभी जिले के कृषि, एम.पी.एग्रो., विपणन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी शामिल हुए. जिन्हे ई–टोकन व्यवस्था की जानकारी दी. संभाग के पायलेट प्रोजेक्ट मे शामिल जिला विदिशा के अधिकारियों से इनमें आने वाली चुनौतियों की जानकारी लेकर उनके निराकरण बताए.

## 5 डिग्री पारा, चारों ओर छाए ओस, कोहरा और तुषार



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 05 जनवरी, का.** शनिवार को 8 डिग्री पर रहा पारा रविवार को एकाएक गिरते हुए 5 डिग्री पर आ पहुंचा. सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रहा. सोमवार को भी सुबह से ही ठंड का जबर्दश्त प्रकोप रहा. दिन भर अलाव जलते हुए नजर आये. कड़ाके की ठंड ने जन जीवन को काफी प्रभावित किया है. विशेषकर सुबह के समय कामकाज पर जाने वालों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि जिला प्रशासन द्वारा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक दो दिन और अवकाश की घोषणा से छोटे बच्चों को काफी कुछ राहत मिली है.

## जीवों पर संकट, गायों की मौत, तड़पकर गिर रहे पक्षी



**बीमार, कमजोर गौवंश पर अधिक प्रभाव–** प्राय: जो गौवंश बीमार या फिर अत्यधिक कमजोर होते है उन पर कड़ाके की ठंड का प्रभाव कहीं अधिक होता है, इन दिनों न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिग्री के आसपास बना हुआ है, शीत लहर के साथ ठंड का काफी जोर बीमार एवं कमजोर गौवंश के लिए जानलेवा साबित हो रहा है .राजगढ़ संवाददाता के अनुसार जिला मुख्यालय के समीप ग्राम भाटपुरा में सोमवार सुबह कड़ाके की ठंड के कारण पेड़ से दो–तीन चिड़िया एकाएक नीचे आ गिरी. जिनकी मौत हो गई, अत्यधिक ठंड के कारण ऐसा होना बताया जा रहा है. विदित है कि ठंड के प्रकोप से पशु, पक्षियों को भी काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है, कमजोर एवं बीमार पशु, पक्षी ठंड को सहन नहीं कर पा रहे है, कड़ाके की ठंड और शीत लहर उनके लिए जानलेवा तक साबित हो रही है.

# कड़ाके की ठंड : जन, जीवन प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 05 जनवरी, का. कड़ाके की ठंड अब बेजुबान पशु, पक्षियों पर कहर ढहा रही है. कड़ाके की ठंड अब गौवंश एवं पक्षियों की मौत का कारण बन रही है, सोमवार को नगर में ही आधा दर्जन से अधिक गौवंश की अत्यधिक ठंड के कारण मौत होना सामने आया है. जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह स्थानीय गुना रोड पर कमला लॉज के समीप दो गौवंश की मौत हो गई. इसी प्रकार रेलवे स्टेशन रोड पर पार्क के यहां 1 गौवंश मृत अवस्था में मिला.**

पचोर रोड पर रेशम केन्द्र के यहां से 1 गौवंश तथा नगर में दो गौशाला में 3 गौवंश मृत अवस्था में मिलने की जानकारी है. मृत गौवंशा का अंतिम संस्कार करने का कार्य करने वाले नपा अमले के अनुसार उनके सोमवार को नगर के विभिन्न स्थानों से 7 गौवंश मृत अवस्था में मिलने की जानकारी पर उनकी मृत देह को वाहन द्वारा उठवाकर उनका अंतिम संस्कार किया गया. गत दिवस ठंड के प्रकोप के कारण रोजाना 5 से 6 गौवंश के मृत अवस्था में होने की जानकारी मिल रही है.

### ठंड से बचाव जरूरी

नगर सहित जिले भर में एक लाख से अधिक बेसहारा गौवंश खुले आसमान के



नीचे रहने को मजबूर है, कड़ाके की ठंड इनके लिए जानलेवा बन रही है, ठंड से किसी तरह का कोई बचाव नहीं होने से आये दिन बेसहारा गौवंश, विशेषकर बीमार एवं कमजोर गौवंश दम तोड़ रहे है. घने कोहरे के साथ ही सर्द हवाओं ने भारी परेशानी खड़ी कर दी है, इंसान ही नहीं जानवर भी ठंड के प्रकोप से परेशान है. अलाव के आसपास बड़ी संख्या में बेसहारा गौवंश को देखा जा सकता है.



## ठंड से बचाव के लिए शहर में नगर पालिका ने जलाये अलाव

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 05 जनवरी, सं.** शीतलहर (ठंड)को देखते हुवे नगर पालिका द्वारा बढ़ती ठंड एवं ठिठुरन को देखते हुए आम जनमानस एवं आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए न्यू बस स्टैंड (रैन बसेरा) एवं शासकीय हॉस्पिटल में अलाव जलाए गए,मौसम परिवर्तन के कारण ठंड बढ़ने से अलाव स्थानों पर पर्याप्त लकड़ी की व्यवस्था और सतत मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश भी दिए है. जिससे नागरिकों, खासकर बेघर और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत मिल सके, क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में रात्रि में पारा तेजी से लुढ़कने की वजह से ठंड में इजाफा व बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव लगाने निर्देश दिये गये हैं.



## गुरुद्वारा दमदमा साहिब में प्रकाश पर्व पर लंगर

### गुना रोड पर लंगर में हजारों लोगों ने ली प्रसादी

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 05 जनवरी, का. सिख धर्म के दसवें गुरु,श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 359 वे प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सोमवार को गुना रोड पर गुरुद्वारा दमदमा साहिब में श्रद्धा और उल्लास के साथ लंगर का आयोजन किया गया. हजारों की संख्या में नागरिकों ने लंगर में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की.**

गुरुद्वारा प्रमुख श्री जबंत सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गुरु पर्व के उपलक्ष्य में विशेष व्यवस्थाएं की गई. पिछले एक माह से प्रतिदिन गुरुद्वारे के बाहर स्टॉल लगाकर जलेबी का प्रसाद वितरित किया जा रहा था. आज गुरु पर्व के दिन प्रात: पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आरंभ किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु की अपार कृपा प्राप्त की. धन–धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज को खालसा पंथ का संस्थापक कहा जाता है.

उनके त्याग, बलिदान और धर्म रक्षा के संदेश को स्मरण करते हुए यह पर्व अत्यंत श्रद्धा से मनाया गया. आयोजन में विशेष रूप से एनसीसी कैडेट ने भाग लिया और सभी ने प्रसादी वितरण में सेवा निभाई. इस अवसर पर डॉ सुरजीत सिंह, संतोख सिंह अजमानी, मनप्रीत राजपाल , प्रतीक सलूजा, सुरेंद्र अजमानी, शरण कौर , पायल, काजल सहित अनेक सेवादार एवं संगतजन उपस्थित रहे और सेवा में योगदान दिया.

## अंधेरे का फायदा उठा रहे चोर, लोग अलाव जलाकर कर रहे चौकीदारी

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 जनवरी, का.** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। ग्राम बाड़िया, वार्ड नंबर 1 और किशनगढ़ क्षेत्र में चोरों की सक्रियता से आमजन में दहशत का माहौल बना हुआ है. बीती रात किशनगढ़ में भी चोरों की हलचल देखी गई, जिसके चलते लोग पूरी रात सतर्क रहे. स्थानीय लोगों के अनुसार नगर पालिका की स्टेट लाइन लंबे समय से बंद पड़ी हुई है, जिससे रात के समय कई इलाकों में अंधेरा छाया रहता है. इसी अंधेरे का फायदा उठाकर चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. लोगों का कहना है कि यदि स्टेट लाइन चालू हो और पर्याप्त रोशनी रहे तो चोरी जैसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लग सकती है. बाड़िया वार्ड नंबर 1 में हालात इतने गंभीर हैं कि ग्रामीणों को रातभर अलाव जलाकर स्वयं चौकीदारी करनी पड़ रही है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि रात में पहरा न दिया जाए तो चोर भैंस, बकरी सहित अन्य मवेशियों को खोलकर ले जाते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान



उठाना पड़ रहा है. वहीं बीते दिनों राजगढ़ नगर में एक बड़ी वारदात भी सामने आई थी, जिसमें पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को हिरासत में लिया गया. इसके बावजूद चोरी की घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है और चोरों के हौसले अब भी बुलंद नजर आ रहे हैं. ग्रामीणों और नगरवासियों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया. न तो बंद पड़ी स्टेट लाइन को चालू कराया गया और न ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई प्रभावी कदम उठाए गए. अब क्षेत्रवासियों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि राजगढ़ नगर सहित बाड़ियां वार्ड नंबर 1 और किशनगढ़ क्षेत्र में स्टेट लाइन तत्काल चालू करवाई जाए.



## 51 सालों से समिति निभा रही सुंदरकाण्ड पाठ की परंपरा

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 05 जनवरी, सं. नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान गरूडासीन लक्ष्मीनारायण मंदिर के सम्मुख स्थित किशनगढ़ बालाजी मंदिर पर समिति संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में 1974 से संचालित बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन चला आ रहा है.**

बजरंग नवयुवक समिति के तत्वाधान में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला निरंतर जारी है. नगर ही नहीं अपितु राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के अनेकों धार्मिक स्थलों पर भव्यता लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर चुके हैं. इसी कड़ी में समिति द्वारा नवीन वर्ष 2026 में जनवरी के पहले सप्ताह में राजस्थान के दो धार्मिक स्थल जिसमें मेडतवाल समाज कि कुलदेवी मां फलोदी धाम खैराबाद में मंदिर के परिसर में स्थित चौपड़ा कुआं में ब्राह्मण समाज के भैरव महाराज विराजित हैं वहां पर समिति संयोजक पं. श्यामसुंदर जी शर्मा जीरापुर के द्वारा उनके इन कुल देवता भैरव महाराज का यहां सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन करवाया गया. बकानी रामेश्वर आश्रम गुरूकुल में पं. प्रकाश पुरोहित, दिनेश पुरोहित के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया. पंडित श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में संचालित समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन के साथ मंदिर किशनगढ़ पर प्रति मंगलवार को भजन कीर्तन गीता पाठ हनुमान चालीसा एवं आरती प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन होता आ रहा है.

### 84 हनुमान धाम दर्शन यात्रा, तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 05 जनवरी, का.** नगर में प्रस्तावित 84 हनुमान धाम दर्शन यात्रा के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यालय में संपन्न हुई. बैठक में नगर के युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने सहभागिता कर यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की. यात्रा को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर के समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि यह यात्रा नगर में धार्मिक आस्था एवं सामाजिक समरसता को सशक्त करने का कार्य करेगी. बैठक में यात्रा मार्ग, व्यवस्थाओं एवं जनसहयोग पर विशेष रूप से विचार किया गया.

## भारतीय कलाकार संघ की स्थानीय शाखा का गठन



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 05 जनवरी, का.** नगर के वैष्णो देवी मंदिर परिसर में भारतीय कलाकार संघ की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से भारतीय कलाकार संघ की स्थानीय शाखा का गठन किया गया. देवेंद्र सिंह सौलंकी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया. संरक्षक नगर के वरिष्ठ कलाकार भगत राज को बनाया गया है. मीडिया प्रभारी रामचंद्र वर्मा, विशेष सलाहकार रघुराज सिंह सौलंकी को मनोनीत किया गया है. अन्य पदधिकरियों में दीपक पचोर वाले, राकेश नाथ योगी, गोपाल गोलिया, देव प्रकाश शामिल है. इस अवसर पर ब्यावरा एवं जिले के कलाकार एवं पेंटर गण उपस्थित हुए. सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां दी.



## पेयजल पाइप लाईन तोड़ने वालों पर 20 हजार का जुर्माना ठोका

### कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 जनवरी, का.** ब्लॉक खिलचीपुर क्षेत्र में जल निगम की कुंडालिया पेयजल परियोजना अंतर्गत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन को नुकसान पहुँचाने के मामले में जल निगम एवं प्रशासन ने तत्काल और सख्त कार्रवाई करते हुए दोषी व्यक्ति से करीब 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया. मामले के अनुसार ग्राम कुंडीबे निवासी नारायण सिंह द्वारा अपने क्षेत्र से गुजर रही, पेयजल की पाइपलाइन को तोड़ दिया गया था. इससे ग्राम बरूखेड़ी सहित आसपास के कई ग्रामों में पेयजल की दैनिक आपूर्ति बाधित हो गई थी. मामले को गंभीर अपराध मानते हुए म.प्र. जल निगम राजगढ़ द्वारा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर उस पर 19 हजार 368 रुपए का जुर्माना लगाया गया. आरोपी ने जेल की कार्यवाही से बचने के लिए मौके पर 10 हजार रुपए की राशि शासन के खाते में जमा कराई. इसके साथ ही जल निगम ने ग्राम बरूखेड़ी में नुकसान को रिपेयर कर पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है.

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा इस तरह के मामलों में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अगर पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त कर, सार्वजनिक पेयजल सुविधा को नुकसान पहुंचाया जाए तो संबंधित पक्ष पर भारी जुर्माना, कानूनी प्रकरण आरोपित कर उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा कर जेल भिजवाया जाए. जल निगम राजगढ़ ने इस तरह के कार्य करने पर स्पष्ट किया है कि कुंडालिया ही नहीं जिले की सभी पांच समूह जल प्रदाय योजनाओं को किसी भी क्षेत्र में बाधित करना यानी आमजन की जीवनरेखा से खिलवाड़ करना माना जाएगा. ऐसे में इसकी सुरक्षा में बाधा डालने वालों के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी.

**मेला ▶ 12 जनवरी को सारंगपुर में होगा रोजगार मेले का आयोजन, तैयारियों को लेकर समीक्षा**

# मालवी गीत गाकर करेंगे युवा संगम मेले का प्रचार–प्रसार

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 05 जनवरी, सं.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में समय-सीमा बैठक में अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सारंगपुर द्वारा 12 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी गई. एसडीएम व सीएमओ को विशेष निगरानी तथा जनपद सीईओ को सभी व्यवस्थाएं आज शाम तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए प्रचार–प्रसार हेतु मालवी भाषा में गीत, ढोंढी पिटवाकर प्रचार, ऑन–स्पॉट रजिस्ट्रेशन, इन्फ्लुएंसर वीडियो, क्राउड मैनेजमेंट, जन अभियान परिषद के वॉलंटियर्स, दिव्यांगजनों हेतु 10 लोगों की व्यवस्था तथा लंच वितरण को



चरणबद्ध करने के निर्देश दिए गए.

वहीं दूसरी ओर मंडी परिसर का निरीक्षण किया गया. जहां अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सारंगपुर रोहित बमोरे द्वारा समस्त व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए. मेले के सुचारु एवं सफल आयोजन हेतु एसडीएम एवं सीएमओ को विशेष रूप से व्यवस्थाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए. वहीं जनपद सीईओ को संपूर्ण तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आज शाम तक पूर्ण कर ली जाएं. प्रचार–प्रसार को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए गए कि कचरा वाहनों के माध्यम से मालवी भाषा में जिंगल बजवाए जाएं तथा ढोंढी पिटवाकर आमजन को रोजगार मेले की जानकारी दी जाए, ताकि बच्चों एवं युवाओं तक सूचना प्रभावी रूप से पहुंच सके। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्रचार हेतु इन्फ्लुएंसर के माध्यम से वीडियो तैयार कर प्रसारित करने के निर्देश भी दिए गए.

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि रोजगार मेले के दौरान प्रतिदिन ऑन–स्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू करने तथा जन अभियान परिषद से वॉलंटियर्स की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए. दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके सहयोग हेतु 10 विशेष सहायकों की व्यवस्था करने को कहा गया. बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें युवाओं को इंटरव्यू की तैयारी, सामान्य प्रश्नों की बुकलेट एवं मार्गदर्शन पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी.

यह सामग्री आईटीआई कॉलेज द्वारा तैयार की गई है, जिसे कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा. प्रशासन का उद्देश्य है कि रोजगार मेला सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी रूप से आयोजित हो, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर एवं प्रभावी मार्गदर्शन प्राप्त हो सके.